1B3N16186 (Pages :2) Reg. No:..........................

Name: ....

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

Third Semester BA/B.Sc Degree Examination, November 2016

HIN3A09 - Literature in Hindi

(2015 Admission onwards)

Max. Time: 3 hours Max. Marks:

I 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है ।

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'यामा' का रचनाकार कौन है ?

(मुक्तिबोध, महादेवी वर्मा, निराला)

2 "वहाँ भी खोज लेती हैं उन्हें भेदिया ध्वनि तरंगें ---" यह पंक्ति किस कविता की है ?

(धूल की तरह सच, सौन्दर्य-बोध, औरतें)

3 'भगत की गत' में किसने आत्महत्या की ?

(सुरेन्द्रनाथ, रमानाथ, नरेन्द्रनाथ)

4 कबीरदास किस भक्ति शाखा के कवि थे ?

(रामभक्ति, कृष्णभक्ति, ज्ञानश्रयी)

5 सुमित्रानन्दन पन्त की किस रचना को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?

(चिदम्बरा, ग्राम्या, युगांन्त)

खाली जगहों को भरिए :

6 'जहाँ आकाश नहीं दिखाई देता' का रचनाकार ----------- है ।

7 'नमक का दारोगा' कहानी में दारोगा का नाम ------------ है ।

8 हिन्दी साहित्य के सबसे प्रमुख हास्य-व्यंग्य साहित्यकार----------- है ।

9 निराला का पूरा नाम------------ है ।

10 सूरदास की भाषा---------- है ।

(10x1=10Marks

II किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो तीन वाक्यों में लिखिए :

11 जीवन की क्षणिकता के बारे में कबीरदास का विचार क्या है ?

12 "कई दिनों के बासी पानी को

बदलने और घड़े को पता भी न चलने का सच-----" मतलब क्या है ?

13 सूरदास क्यों सगुणोपासना को महत्व देते हैं ?

14 कवि की राय में संवेदना मिलने के लिए हर मृत्यु को किस प्रकार सजाने की ज़रूरत है?

15 "दुर्भाग्य का मारा चीनी----" महादेवी वर्मा ऐसा क्यों कहती है ?

16 पंड़ित आलोपीदीन को दारोगा क्यों हिरासत में लेते हैं ?

17 कलकत्ता आन्दोलनों का नगर है----- लेखक ऐसा क्यों कहते हैं?

18 अजन्ता के चित्र और एलोरा की मूर्तियों को देखने पर लेखक के मन में क्या-क्या विचार उठते हैं ?

19 चीनी भाई गिरहकटों के कब्जे से कैसे बच गया ?

20 दारोगा को अपनी ईमानदारी का क्या मूल्य चुकाना पड़ा ?

21 "कि मैं धार्मिक नहीं एक मार्मिक संबन्ध हूँ-------" कवि क्यों ऐसे कहते हैं ?

22 माँ की समझाइश के बाद कवि के जीवन में क्या फायदा हुआ ?

(10x2=20Marks)

III किन्हीं चार प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :

23 चौराहे कवि की मदद किस प्रकार करते हैं ?

24 'धूल की तरह सच' कविता के उद्देश्य क्या है

25 निक का चरित्र चित्रण कीजिए ।

सप्रसंग व्याख्या कीजिए

26 "किन्तु धर्म अलौकिक वीरता के साथ बहुसंख्यक सेना के सम्मुख अकेला पर्वत की भाँति अटल, अविचलित खड़ा था ।"

27 "ये कैसे हो सकता है ? तुम काँग्रसी या कम्यूनिस्ट या प्रजा समाजवादी या हिन्दूसभाई, तुम कुछ-न-कुछ हुए बिना कैसे रह सकते हो ?"

28 "सिर्फ एक अव्यक्त शब्द-सा चुप-चुप-चुप
है गूँज रहा सब कहीं,-
और क्या है ? कुछ नहीं ।"

(4x5=20Marks)

IV किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 300 शब्दों में लिखिए :

29 'भगत की गत' कहानी का सारांश लिखकर उसमें अभिव्यक्त व्यंग्य पर विचार कीजिए ।

30 'गुण्ड़ा समय' कविता का सारांश लिखकर उसमें प्रश्नाकिंत वर्तमान समाज की विरूपता के पहलुओं पर समीक्षा कीजिए ।

31 'ए.बी.सी.डी' उपन्यास में चित्रित प्रवासी भारतीयों की सांस्कृतिक संकटों और उनके परिणामों पर बहस कीजिए।

(2x15=30Marks)